## एक नजर में

### नगर में आज निकलेगी तिरंगा यात्रा

**सुठालिया 13 अगस्त, सं.** स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पहले आज 14 अगस्त को भव्य तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी. यात्रा का उद्देश्य देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देना और नागरिकों में एकता का संदेश देना है. तिरंगा यात्रा की तैयारी को लेकर तहसील में पूर्व में बैठक आयोजित कर उसकी भव्य रूप रेखा तैयार की जा चुकी है ओर सभी विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को जबावदारी सोपी गई है. यात्रा आज सुबह ग्यारह बजे थाना परिसर से शुरू होगी. और ब्यावरा रोड, बस स्टेंड, मेन मार्केट, गांधी चौक, सदर बाजार परलापुरा, श्रीराम मंदिर चोक, शंकर रोड, मधुसुदनगढ रोड होते हुए जीन मैदान बस स्टेंड पर संपन्न होगी. यात्रा में राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे. वही यात्रा में स्कूली बच्चे, सामाजिक संगठन, व्यापारी और आम नागरिक बड़ी संख्या में हाथों में तिरंगा लेकर शामिल होंगे.

### कृषि मण्डी में पौधारोपण किया

**सुठालिया 13 अगस्त, सं.** कृषि उपज मंडी प्रांगण सुठालिया में आज ा वृक्षारोपण कार्यक्रम तहसीलदार/भारसाधक अधिकारी महोदय रामनिवास जी धाकड़ द्वारा किया गया.जिसमे मंडी सचिव देवीलाल सोंधिया सहित उपनिरीक्षक दुलीचंद कोट, लेखापाल महेश कुमार मिश्रा,हेमलता सेन सहायक वर्ग 3 एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहें.

### ग्राम मऊ में छात्रों ने किया पौधारोपण

**सुठालिया 13 अगस्त, सं.** गुरुवार को समीपवर्ती ग्राम मऊ की गलियों में छात्र छात्राओं की टोली निकली. सभी छात्र नारे लगाते चल रहे थे पेड़ लगाओ जीवन बचाओ, मंजिल थी ओम संस्कार एकेडमी स्कूल का यहां हरियाली अमावस्या को सिर्फ तारीख नहीं जिम्मेदारी समझ कर मनाया गया. छात्र- छात्राओं ने अपने स्वयं के हाथों से मिट्टी खोदी और 51 पौधों को लगाया. संचालक केदार पुष्पद कहा कि ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाए. इस दौरान कपिल कारपेंटर सागर लोधी, दीपक लोधी, कुलदीप राजपूत ,महिमा कारपेंटर, शोभा लोधी, रवीना राजपूत ,चंचल राजपूत, करीना राजपूत, हेमलता सक्सेना,महक चौरसिया, शीतल राजपूत आदि उपस्थित थे.

# बस पलटी, 30 से अधिक यात्री घायल

भोपाल से ब्यावरा जा रही गुरु कृपा बस टर्न पर हुई बेकाबू





**फोरलेन के बीच गिरी, करीब 50 यात्री थे सवार**
**नरसिंहगढ़ बायपास पर तेज रफ्तार बस तीन बार पलटी**

**नवभारत न्यूज**
**नरसिंहगढ़. भोपाल से ब्यावरा की ओर जा रही गुरु कृपा बस गुरुवार रात करीब 9 बजे नरसिंहगढ़ बायपास पर बांडा-बेदरा तालाब के पास हादसे का शिकार हो गई. तेज रफ्तार में लहराते हुए चल रही बस टर्न पर अचानक असंतुलित होकर तीन बार पलट गई और फोरलेन के बीच जा गिरी. हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई.**

बस में करीब 50 यात्री सवार बताए जा रहे हैं। हादसे में 30 से अधिक यात्रियों के घायल होने की प्रारंभिक जानकारी सामने आई है. सभी यात्री बस में बैठे हुए थे. घायलों को आसपास के लोगों और मौके पर पहुंची मदद से बाहर निकाला गया. बस में गुना सहित अन्य क्षेत्रों के यात्री भी सवार थे.

### तीन पलटी खाई बस ने

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस हादसे से पहले तेज गति में लहराते हुए चल रही थी. बायपास के टर्न पर चालक बस को नियंत्रित नहीं कर सका और देखते ही देखते बस तीन पलटी खाकर फोरलेन के बीच जा गिरी. सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची तथा राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया. घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया.

## 1 सितंबर से विद्यार्थियों की भी लगेगी ई- अटेंडेंस

**राजगढ़ 13 अगस्त,का.** सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की ई-अटेंडेंस व्यवस्था लागू होने के बाद अब विद्यार्थियों की उपस्थिति भी ऑनलाइन दर्ज की जाएगी. लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) ने कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों की ऑनलाइन अटेंडेंस शुरू करने के निर्देश सभी जिलों को दिए हैं. जिले में इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है. संभावना है कि 1 सितंबर से जिले के सभी 216 सरकारी स्कूलों में यह व्यवस्था लागू कर दी जाएगी. इससे करीब 52 हजार विद्यार्थी दायरे में आएंगे. विद्यार्थियों की उपस्थिति एजुकेशन पोर्टल 3.0 के माध्यम से दर्ज होगी. नई व्यवस्था में शिक्षक को पोर्टल 3.0 में स्टूडेंट मैनेजमेंट के अंतर्गत स्टूडेंट अटेंडेंस ऑप्शन पर जाकर संबंधित कक्षा के विद्यार्थियों की सूची देखनी होगी. इसमें पूरी कक्षा की सूची दिखाई देगी. कक्षा शिक्षक को विद्यार्थियों की वास्तविक स्थिति के अनुसार उपस्थिति दर्ज करनी होगी.

# शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

4 लाख की शराब एवं पीकअप वाहन जप्त किया

**नवभारत न्यूज**
**करनवास 13 अगस्त, सं. करनवास थाना पुलिस ने 12 लाख 29 हजार 600 रुपए की अवैध शराब और एक पिकअप वाहन जब्त किया है. मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहा.**

पुलिस को बीती रात्रि को खबर मिली थी कि ब्यावरा की तरफ से एक सफेद पिकअप में भारी मात्रा में अवैध शराब ग्राम दूधी ले जाई जा रही है. पुलिस ने नेशनल हाईवे-52 पर हकीमी पेट्रोल पंप के पास चेकिंग पॉइंट लगाया. पिकअप को आता देख पुलिस ने रोकने की कोशिश की, तो ड्राइवर ने भागने का प्रयास किया, लेकिन टीम ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया. गाड़ी में सवार दूसरा व्यक्ति मौका पाकर भाग निकला.

### 105 पेटियों में भरी थी 1,057 लीटर शराब

पिकअप की तलाशी लेने पर उसमें से बोल्ट, किंगफिशर बियर, एमडी नंबर-1 रम, ऑफिसर्स चॉइस और देशी शराब की कुल 105 पेटियां मिली. जब्त की गई शराब की कीमत करीब 4 लाख 29 हजार 600 रुपए है. इसके अलावा शराब ढोने में इस्तेमाल 8 लाख रुपए की पिकअप गाड़ी को भी जब्त कर लिया गया है.

### एक आरोपी जेल भेजा, दूसरे की तलाश जारी

पकड़े गए आरोपी का नाम विमल पुष्पद निवासी चाचौड़ा (गुना) है. उसने भागने वाले अपने साथी का नाम आनंद छाड़ी (निवासी दूधी) बताया है. पुलिस ने आरोपी विमल पर आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है. वहीं फरार आरोपी आनंद की तलाश जारी है.



# तिरंगे के साथ कदम-कदम पर देशभक्ति का जज्बा

**नवभारत न्यूज**
**राजगढ़ 13 अगस्त, का.** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर की आहट के साथ राजगढ़ में देशभक्ति का उत्साह चरम पर दिखाई दिया. जिला स्तरीय तिरंगा यात्रा में तिरंगे के सम्मान और राष्ट्रप्रेम की भावना के साथ बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थियों, वरिष्ठ नागरिकों एवं आमजन ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की.

यात्रा के दौरान भारत माता की जय के जयघोष से वातावरण गूंज उठा. देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतियों ने हर कदम में राष्ट्रप्रेम का भाव भर दिया.

तिरंगा यात्रा के दौरान नागरिकों को संदेश दिया गया कि तिरंगा केवल हमारे हाथों में लहराता राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि देश की स्वतंत्रता, असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और भारत के गौरव का प्रतीक है.

खुली जीप में भारत माता, स्वामी विवेकानंद और शहीद भगत सिंह की वेशभूषा में सजे बच्चों ने यात्रा को विशेष आकर्षण प्रदान किया. इन बच्चों के स्वरूप ने स्वतंत्रता संग्राम के नायकों के त्याग, साहस और राष्ट्रप्रेम की स्मृतियों को जीवंत कर दिया.

विधायक अमर सिंह यादव ने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पोर्टल पर सेल्फी अपलोड कर तिरंगा अभियान में सहभागिता करने का आह्वान किया. यात्रा में पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा सहित जनप्रतिनिधि, कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले, अधिकारी-कर्मचारी, विद्यार्थी, वरिष्ठ नागरिक एवं आमजन उपस्थित रहे.



# आजादी हमें आसानी से नहीं प्राप्त हुई : डॉ. टैटवाल

तिरंगा यात्रा का नगर में भव्य स्वागत

**नवभारत न्यूज**
**पचोर 13 अगस्त, सं. तिरंगा यात्रा में मातृशक्ति एवं युवा अपने हाथों में राष्टीय ध्वज तिरंगा लहराते हुए तिरंगा यात्रा में अनोखा दृश्य दिखाई दिया. यात्रा में सभी स्कूलों के छात्र-छात्राओं के साथ मातृ शक्ति एवं युवाओं की बड़ी भागीदारी रही.**

तिरंगा यात्रा में राज्य मंत्री गौतम टेटवाल उपस्थित रहे. इस अवसर पर उन्होंने तिरंगा यात्रा को संबोधित करते हुए कहा कि यह आजादी हमें आसानी से नहीं प्राप्त हुई है इसके लिए अनेक वीर शहीद हुए हैं इस आजादी के पर्व को मनाने के साथ-साथ हम उन वीर शहीदों को नहीं भूले जिसकी वजह से हमें आजादी प्राप्त हुई है. तिरंगा यात्रा का शुभारंभ पुराना बस स्टैंड, शहीद स्मारक से प्रारंभ हुआ सदर बाजार मंडी रोड बस स्टैंड होते हुए यात्रा पुराना बस स्टैंड शहीद स्मारक पर समापन हुआ. यात्रा का नागरिकों द्वारा जगह पुष्प वर्षा कर नागरिकों द्वारा भव्य स्वागत किया गया.

यात्रा में नगर परिषद अध्यक्ष विकास करोड़िया, मंडल अध्यक्ष विकास दीक्षित, यात्रा मंडल प्रभारी जगदीश नागर, नगर परिषद उपाध्यक्ष राम भरोसा यादव, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती नीलम सक्सेना, सहित नगर परिषद के पार्षदगण उपस्थित रहे.

वही नगर परिषद अधिकारी दीपक रानवे द्वारा स्वच्छता का विशेष ध्यान रखते हुए तिरंगा यात्रा के दौरान बच्चों को किए गए फल वितरण के दौरान सड़क पर फेके गए कचरे पानी के डिस्पोजल आदि को तत्काल सफाई करवा कर स्वच्छता का संदेश दिया.



# देशभक्ति, एकता और अखंडता का संदेश देते निकली तिरंगा यात्रा

**नवभारत न्यूज**
**सारंगपुर 13 अगस्त, सं. आजादी के पावन पर्व स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 'हर घर तिरंगा अभियान' के तहत गुरुवार को सारंगपुर नगर राष्ट्रभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया. देशभक्ति, एकता और अखंडता का संदेश लेकर नगर में विशाल एवं भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई. यात्रा में राज्मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल सहित जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, भाजपा कार्यकर्ताओं, युवाओं, विद्यार्थियों और बड़ी संख्या में नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की.**

तिरंगा यात्रा का शुभारंभ गांधी चौक से हुआ. यहां से यात्रा मुखर्जी चौक, टेंशन चौराहा, भेरूदरवाजा, पालीवाल कॉम्प्लेक्स, दीनदयाल चौराहा होते हुए बस स्टैंड पहुंची, जहां यात्रा का समापन हुआ. यात्रा के मार्ग में जगह-जगह नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर तिरंगा यात्रा का स्वागत किया. दुकानदारों, महिलाओं, बुजुर्गों, युवाओं और बच्चों ने यात्रा का उत्साह बढ़ाया.

तिरंगा यात्रा में बच्चों की विशेष सहभागिता देखने को मिली. नन्हे बच्चे हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ यात्रा में शामिल हुए. कई बच्चे भारत माता, शहीद भगत सिंह सहित देश के महान क्रांतिकारियों और राष्ट्रनायकों की वेशभूषा में नजर आए.



यात्रा को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है. यह केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले असंख्य वीरों की गौरवगाथा और देश की एकता-अखंडता का प्रतीक है.

तिरंगा यात्रा में यात्रा प्रभारी पंकज पालीवाल हिंदू उत्सव अध्यक्ष ध्रुव भल्ला ,मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, महिला जिला अध्यक्ष नीलम सक्सेना, मंडल प्रभारी कैलाश नागर,सह प्रभारी दिनेश सिसोदिया,राकेश पुष्पद, युवा मोर्चा अध्यक्ष राहुल पुष्पद, महामंत्री कमल राठौर समस्त पदाधिकारी एवं देवतुल्य कार्यकर्ता बड़ी संख्या में नगर वासी ने भाग लिया.

# मनमानी पर 9 समूह को दिखाया बाहर का रास्ता

**नवभारत न्यूज**
**सारंगपुर13 अगस्त, सं.** सांझा चूल्हा के अंतर्गत शासकीय स्कूलों में बच्चों को मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराने वाले स्व सहायता समूहों पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए 9 समूह का अनुबंध समाप्त कर दिया.

प्राप्त जानकारी के अनुसार तय मीनू के अनुसार भोजन नहीं देने और निरीक्षण में अनियमितताएं मिलने के बाद शिक्षा विभाग ने सारंगपुर विकासखंड के नौ स्व-सहायता समूहों के अनुबंध समाप्त कर दिए हैं. 7 अगस्त को जनपद शिक्षा केंद्र सारंगपुर ने आदेश जारी कर समूहों को व्यवस्था से बाहर कर दिया. अब संबंधित स्कूलो में भोजन की प्रबंधन समितियों को सौंपी गई.

नौ समूहों पर एक साथ हुई इनमें कई समूह संचालकों को अधिकारियों के अनुसार कार्रवाई का आधार जुलाई में हुए निरीक्षण में सामने आई अनियमितताएं, मीनू का पालन नहीं होना और कारण बताओ नोटिस के जवाब संतोषजनक नहीं पाया जाना है. कार्रवाई में सात शहरी और दो ग्रामीण क्षेत्र के समूह शामिल है.

निरीक्षण में मीनू के अनुरूप भोजन नहीं मिलने अनुबंध समाप्त करने का निर्णय लिया गया.


## कार्यालय मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खिलचीपुर जिला राजगढ (म.प्र.) पिन कोड 465679**

E-mail-bmokhiraj@mp.gov.in, bpmkhilchipur@gmail.com

क्रमांक/2026/1373 खिलचीपुर दिनांक 13.08.2026

### निविदा सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2026-27 से तीन वर्ष हेतु सिविल हॉस्पिटल खिलचीपुर में जलपान गृह (केंटिन) की व्यवस्था किये जाने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है. निविदा प्रपत्र से संबंधित सम्पूर्ण जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है.

Tender Ket Dates

| | |
|---|---|
| Published Date & Time | 16-08-2026, 11:00 A M |
| Tender Purchasing Date & Time | 17-08-2026, 12:00 A M |
| Puchasing of End Date | 22-08-2026 05:00 PM |
| Bid Submission Opening Date & Time | 23-08-2026, 11:00 A M |
| Bid Submission Closing Date & Time | 02-09-2026, 05:30 PM |
| Tender Opening Date & Time | 05-09-2026, 11:00 A M |
| Financial Bid Open Date | 06-09-2026, 11:00 A M |

**नोट**
1. निविदा से संबंधित समस्त नियम एवं शर्ते निविदा फार्म के साथ संलग्न की जायेगी.
2. निविदा फार्म कार्यालयीन समय मे राशि रू. 1000/- जमा कर प्राप्त किया जा सकता है.

**खण्ड चिकित्सा अधिकारी**
**सामु.स्वा. केन्द्र खिलचीपुर**


**अनावरण** राज्यमंत्री पंवार ने 100 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज फहराया, स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया

# तिरंगा यात्रा निकली, भारत माता की प्रतिमा का अनावरण

**नवभारत न्यूज**
**ब्यावरा 13 अगस्त, का. शहर में बुधवार को हर घर तिरंगा अभियान के तहत एक विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई. इसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी, युवा, महिलाएं, सामाजिक संगठनों के सदस्य और नागरिक शामिल हुए.**

यात्रा का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ. इसके बाद यह नगर के प्रमुख मार्गों से निकली.

तिरंगा यात्रा के दौरान गुना नाका पर भारत माता की प्रतिमा का अनावरण किया गया. राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार और नपाध्यक्ष लीलादेवी कुशवाह ने संयुक्त रूप से यह अनावरण किया. इस अवसर पर राज्यमंत्री पंवार ने कहा कि भारत माता की प्रतिमा नई पीढ़ी में राष्ट्रभक्ति, त्याग और देश के प्रति गौरव की भावना को मजबूत करने का माध्यम बनेगी.



### 100 फीट ऊंचा तिरंगा फहराया

यात्रा के समापन के बाद शहर के अंबेडकर चौराहे पर 100 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण किया गया. विशाल तिरंगा फहराते ही पूरा वातावरण राष्ट्रभक्ति के नारों से गूंज उठा. इस अवसर पर मंत्री पंवार ने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद किया.

इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव, पूर्व नपाध्यक्ष अखिलेश जोशी सहित भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी सहित आमजन मानस उपस्थित रहा.

### तलेन में निकली विशाल तिरंगा यात्रा

**तलेन 13 अगस्त, सं.** हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत गुरुवार को नगर तलेन में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई. यात्रा का शुभारंभ शासकीय पीएम श्री स्कूल तलेन से हुआ. जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बस स्टैंड पहुंची .इस यात्रा विधायक मोहन शर्मा व बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं शासकीय पीएम श्री स्कूल, शासकीय कन्या शाला, सर्वोदय स्कूल, मास्टरमाइंड स्कूल, संस्कार स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर, सरस्वती ज्ञान मंदिर, नेताजी सुभाष चंद्र बोस छात्रावास के छात्र-छात्राएं संस्था के प्रभारी शिक्षक शिक्षिकाएं, प्रशासनिक अधिकारीगण थाना प्रभारी नायब तहसीलदार ,नगर परिषद कर्मचारी व नागरिकगण हाथों में तिरंगा लेकर शामिल हुए. मार्ग में जगह-जगह इस यात्रा का पुष्प वर्षा तथा आतिशबाजी के साथ स्वागत हुआ. विधायक मोहन शर्मा ने तिरंगा यात्रा को संबोधित करते हुए कहा कि यहां तिरंगा यात्रा कोई राजनीतिक विचारधारा विषय नहीं है ना कोई वर्ग विशेष का कार्यक्रम है. इसमें सभी जाति, सभी धर्म के लोग इस सामूहिक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए हैं.







## बजाज ऑथराइज्ड सब-डीलर बनने हेतु संपर्क करे

BAJAJ

करेड़ी | माचलपुर | सुठॉलिया
रामगढ़ | भोजपुर | इकलेरा

संपर्क - यादव बजाज शोरूम, ब्यावरा (T- 9479521011 / 9575579099)

### यादव बजाज शोरूम ब्यावरा पर कर्मचारियों की आवश्यकता है

आकर्षक वेतन सुविधाएँ

पता - यादव कृषि सेवा केंद्र, सुठालिया बाईपास रोड, ब्यावरा (राजगढ़)

संपर्क - 9425723411, 9479521011

अनुभव वाले आवेदन करें

| क्रम. | पद | काम एवं योग्यता | पद | अनुभव |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कंप्यूटर ऑपरेटर | MS-Excel एवं SAP बिलिंग | 2 | कंप्यूटर ऑपरेटर 2 वर्ष का अनुभव |
| 2 | अकाउंटेंट | Tally एवं MS-Excel | 1 | 1 वर्ष का अकाउंटिंग का अनुभव |
| 3 | वर्कशॉप मैनेजर | 2 व्हीलर सर्विस सेंटर मैनेजमेंट | 1 | 2 वर्ष का बाइक सर्विस सेंटर का अनुभव |
| 4 | कमांड एरिया मैनेजर | राजगढ़ जिले के 2 व्हीलर रिटेल काउंटर विजिट | 1 | 2 वर्ष का मार्केटिंग का अनुभव |

नोट - वेतन योग्यतानुसार रहेगा एवं कृपया अनुभवी व्यक्ति ही अपना रिज्यूम लेकर उस पते एवं नंबर पर संपर्क करे।